खबर संक्षेप

हिंदू रक्षा दल प्रमुख ने किया सरेंडर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में जंतर मंतर पर आठ अगस्त को एक रैली में सांप्रदायिक नारे लगाने के आरोपी हिंदू रक्षा दल के प्रमुख भूपिंदर उर्फ पिंकी चौधरी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। चौधरी सोमवार को एक वीडियो में अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार करते नजर आये थे। उन्होंने वीडियो में दावा किया था कि वह मंगलवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करेंगे और जांच में सहयोग करेंगे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि चौधरी मंदिर मार्ग पुलिस थाने के बाहर मौजूद थे, जहां से उन्हें मंगलवार अपराह्न लगभग ढाई बजे गिरफ्तार किया।

पुलिस ने तीन शराब तस्करों को पकड़ा

नई दिल्ली। साउथ जिले के सनलाइट कॉलोनी और जैतपुर थाना पुलिस ने तीन शराब तस्करों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम राकेश उर्फ भानु, बलविंदर और मो. इम्तियाज है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 850 क्वार्टर अवैध शराब और एक ऑटो बरामद किया गया। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गत 23 अगस्त को कांस्टेबल अर्जुन और विनोद इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। जैसे ही वह बारापुला रोड के पास पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि एक ऑटो बारापुला की तरफ से रिंग रोड की तरफ आ रहा है। पुलिस को देखकर ऑटो चालक ने यू-टर्न ले लिया।

बावरिया गैंग के दो शातिर बदमाश पकड़े

नई दिल्ली। नॉर्थ जिले के एसटीएफ स्टाफ ने दो शातिर बावरिया गैंग के बदमाशों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम टिंकू बावरिया और श्याम सुंदर भंवरिया है। पुलिस ने इनके पास से देसी पिस्टल, चार चेन, कारतूस दो और आधार कार्ड बरामद किए हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी टिंकू पर 38 और श्यामसुंदर बावरिया पर 18 मामले दर्ज हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी अंटो अल्फोंस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि बुराड़ी इलाके में बावरिया गैंग के दो बदमाश आने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया और आरोपियों को मौके पर आते ही पकड़ लिया।

सोशल मीडिया पर लड़की बनकर दोस्ती और ब्लैकमेल करने वाला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिणी जिले की फतेहपुर बेरी पुलिस ने सोशल मीडिया पर 15 साल की किशोरी से लड़की बनकर दोस्ती और ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसे लखनऊ से पकड़ा गया है। आरोपी के पास से बरामद हुए मोबाइल में किशोरियों की अश्लील तस्वीरें और वीडियो भी बरामद हुये। आरोपी की पहचान ओल्ड महानगर लखनऊ निवासी अब्दुल समाद (23) के तौर पर हुई है। आरोपी पेशे से एसी मैकेनिक है।

डीसीपी साउथ अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि 27 जुलाई को किशोरी ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंच शिकायत दी। जिसमें बताया गया कि उसने पिता के मोबाइल फोन पर इंस्टाग्राम आईडी बना रखी है। सोशल मीडिया के इस प्लेटफार्म पर वह एक अन्य लड़की के संपर्क में आई। वह लड़की उससे बड़ी बहन की तरह बात करती थी। एक महीने बाद उसने अश्लील तस्वीरें और वीडियो भेजे और उससे भी इस तरह की वीडियो फोटो भेजने के लिए कहा गया। पीड़ति लड़की ने भी उस संदिग्ध लड़की को अश्लील तस्वीरें और वीडियो भेज दी। इसके बाद वह उसके साथ वाट्सएप पर बात करने लगी। हालांकि उसने कभी अपने चेहरे को नहीं दिखाया। इस वजह से पीड़ति किशोरी ने उसकी अनदेखी करनी शुरु कर दी। जिसके बाद वह संदिग्ध लड़की उसके द्वारा भेजी गई अश्लील तस्वीरों और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगी। पीड़ता की फ्रैंड ने जब इन तस्वीरों और वीडियो को देखा तो उस नंबर पर वीडियो कॉल की गई तो पता चला कि वह नंबर किसी पुरुष का है। इस बाबत पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया।

खास बातें

- आरोपी को पुलिस ने लखनऊ से दबोचा
- मोबाइल से किशोरियों की अश्लील तस्वीरें और वीडियो भी हुए बरामद

इंस्टाग्राम को नोटिस भेजकर निकलवाई आरोपी की डिटेल्स

स्थानीय थानाध्यक्ष कुलदीप सिंह की टीम ने मामले की जांच शुरु की। वाट्सएप और इंस्टाग्राम को नोटिस भेज मोबाइल नंबर और आईडी की डिटेल मांगी गई। इंस्टाग्राम ने कुछ आईपी एड्रेस मुहैया करवाए जो एयरटेल और जियो पर एक्टिव थे। पुलिस को जांच में पता चला कि संदिग्ध लड़की ने कुछ अन्य इंस्टाग्राम आईडी भी बना रखी थी। जिनकी डिटेल हासिल करने के बाद पुलिस की तहकीकात लखनऊ में एक युवक के ऊपर जाकर ठहरी और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से उसे धर दबोचा।

मास्टरमाइंड रॉकस्टार और टैक्नीकल एक्सपर्ट मास्टर जी समेत 14 अरेस्ट

जामताड़ा के साइबर अपराधियों पर दिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

साइबर क्राइम यूनिट ने साइबर प्रहार पार्ट-2 अभियान के तहत जामताड़ा के साइबर अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई की है। ठगी करने वाले मास्टरमाइंड अलताफ अंसारी उर्फ रॉकस्टार और टैक्नीकल एक्सपर्ट गुलाम अंसारी उर्फ मास्टर जी समेत 14 लोगों को अरेस्ट किया गया है। ये सभी झारखंड और बिहार के रहने वाले हैं। अन्य एक दर्जन लोगों के नाम सरफुदीन मोहम्मद, सैनुल अंसारी, गुलाम मुस्तफा, अलताफ आलम, रफीक आलम, आजाद मियां, सोहेल अंसारी, फुरकान अंसारी, अशोक वर्मा, संजय वर्मा, अभिषेक वर्मा और राजू शर्मा बताये गये हैं। ये लोग सरकारी या बैंक अधिकारी बनकर भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। दिल्ली में एक हॉस्पिटल की महिला डॉक्टर को भी गैंग ने दो लाख रुपए की चपत लगा दी थी।

साइबर सेल के डीसीपी अन्येष रॉय के मुताबिक नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर साइबर फ्रॉड से सम्बंधित काफी शिकायतें मिल चुकी थीं। जिसमें लोगों को अलग अलग तरीके से चपत लगायी गई। ऐसी ही एक शिकायत में महिला डॉक्टर ने बताया कि वह आईडीएफसी बैंक का ऑनलाइन कस्टमर केयर नंबर तलाश रही थी। इस दौरान वह फर्जी वेबसाइट पर पहुंच गई। जहां उसने झांसे में आकर रिमोट एक्ससेस एप इंस्टाल किया। इसके बाद उसके अकाउंट से दस लाख रुपए निकल गए। हालांकि, समय पर पुलिस को इस मामले की जानकारी मिलने की वजह से पुलिस ने ठगी गई रकम में आठ लाख को ब्लॉक कर दिया। जो बाद में पीड़ति को मिल गई। लेकिन उन्हें दो लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। पुलिस ने टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से इस फर्जीवाड़े में शामिल दो लोगों की पहचान की। उनके नाम गुलाम अंसारी और अलताफ अंसारी थे। ये जामताड़ा और देवघर झारखंड के रहने वाले हैं। गुलाम अंसारी के बारे में मिले एक इनपूट के बाद पुलिस टीम ने उसे लोनी गाजियाबाद से दबोच लिया। पकड़े जाने से बचने के लिए उसने दूसरी मंजिल से पड़ोसी की पहली मंजिल की छत पर छलांग लगा दी थी, लेकिन वह भागने में कामयाब नहीं हो सका। इससे हुई पूछताछ पर उसके सहयोगियों को भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया।

खास बातें

- पलक झपकते ही लोगों के खाते कर देते थे साफ
- नौ राज्यों में 1.2 करोड़ ठगी के 36 मामले सुलझाने का पुलिस का दावा

100 किलोमीटर पीछा करने के बाद हाथ आया मास्टरमाइंड

पुलिस ने गैंग के मास्टरमाइंड अलताफ अंसारी को गिरफ्तार करने में खासी मशक्कत भी उठाई। उसे झारखंड के तीन जिलों में करीब 100 किलोमीटर पीछा करने के बाद पकड़ा गया। वह ब्रांड न्यू एसयूवी कार में सवार था। इससे पूछताछ के बाद उसके अन्य सहयोगियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया।

टैक्नीकल एक्सपर्ट है मास्टर जी

गुलाम अंसारी उर्फ मास्टर जी (24) टैक्नीकल एक्सपर्ट है। वह बैंक और ई कॉमर्स की फर्जी वेबसाइट बनाता था। सैनुल अंसारी बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बनकर लोगों को कॉल कर उन्हें रिमोट एक्सेस एप डाउनलोड करने के लिए कहता था। सरफुदीन ठगी की रकम एटीएम मशीन से निकालता था। उसके नेटवर्क में वो लोग शामिल थे, जो ठगी की रकम बैंक में डलवाने के लिए अकाउंट तक कमीशन पर दे देते थे।

आंगनवाडी वर्करों से करते थे गर्भवती महिलाओं की डिटेल्स हासिल

पुलिस की तहकीकात में खुलासा हुआ आरोपी आंगनवाडी वर्करों से गर्भवती महिलाओं की डिटेल हासिल करते। फिर हेल्थ अधिकारी बनकर उनसे संपर्क किया जाता। उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नाम पर पांच हजार रुपए देने का लालच देते थे। इच्छुक महिलाओं के पास एक लिंक भेजा जाता था। लिंक को क्लिक करने के बाद रुपए आने के बजाए उनके अकाउंट से रकम कट जाती थी।

ठगी की रकम से बनवा रहा था बंगला

आरोपी अलताफ बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। दो साल के भीतर ही वह देशभर में लोगों से करोड़ों की ठगी कर चुका था। उसने अपने गांव में बड़ी हवेली तक बनवा रखी थी। एक अन्य बंगला बनने का काम चल रहा था और उसने एक नयी स्कोर्पियो कार खरीदी थी। पुलिस ने इस गाड़ी को जब्त कर लिया है। अभी तक की जांच में पुलिस को पंजाब, यूपी, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड, तेलंगाना और दिल्ली में करीब 1.2 करोड़ की ठगी कर चुके थे।

दो करोड़ की प्रॉपर्टी, एसयूवी कार और 20 लाख कैश सीज

आरोपियों के पास से दो करोड़ रुपये की संपत्ति और 20 लाख कीमत की ब्रांड न्यू एसयूवी कार जब्त की है। गिरफ्तार किए गए ये जालसाज 9 राज्यों के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज 36 मामलों में शामिल पाये गये हैं। आरोपी हर रोज चार से पांच लोगों को ठगने का टारगेट लेकर चलते थे।

हत्या करने के बाद दिल्ली में नाम बदलकर रहता था आरोपी, दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- दोस्तों के साथ मिलकर दिया था वारदात को अंजाम
- पसों के लेनदेन के चलते की थी दोस्त की हत्या

जामिया नगर थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जोकि पटना में हत्या करने के बाद जाकिर नगर में नाम बदलकर रह रहा था। पकड़े गए आरोपी का नाम अशफाक अहमद है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने रुपये के लेनदेन के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी आरपी मीणा के अुनसार, अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस लगातार बदमाशों पर नजर रख उनकी धरपकड़ कर रही है। इसी बीच जामिया नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि पटना में एक हत्या के आरोप में फरार आरोपी जाकिर नगर इलाके में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी को शख्स का मोबाइल नंबर मिला जोकी हत्या और आर्म्स एक्ट मामले में वांछित था। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह जाकिर नगर, जामिया दिल्ली में रेहड़ी-पटरी का काम करता है। लॉकडाउन की अवधि में वह बिहार के पटना शहर में अपने गांव गया था। उसका पैसों को लेकर उसके दोस्त पंकज से विवाद चल रहा था। उसने गत 27 जुलाई को अपने दोस्तों के साथ मिलकर पटना रेलवे स्टेशन के पास पंकज की गोली मार हत्या कर दी। इसके बाद वह भागकर दिल्ली आ गया। यहां वह नाम बदलकर दिल्ली में रहने लगा था।

आज से थानों के साथ मर्ज हुई पीसीआर

- लॉ एंड ऑर्डर को सुधारने की नई पहल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की पीसीआर वैन आज से थानों के साथ मर्ज हो गई। इसके बाद पुलिस की बीट गश्ती क्षमता बढ़ जाएगी और अपराधियों और अवैध गतिविधियों पर बेहतर तरीके से नजर रखने में मदद मिलेगी। दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने गत दिनों एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करने के बाद यह कदम उठाया है। इस संबंध में हरिभूमि 24 अगस्त को भी खबर छाप चुका है। मंगलवार को पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी कर बताया कि 800 से अधिक मौजूदा पीसीआर वैन थानों की एमपीवी व बीट स्टाफ के साथ मिलकर कार्य करेगी। पहले पीसीआर पुलिस नियंत्रण कक्ष की कमान पर काम करती थी। लेकिन अब वह थानों की आवश्यकता के अनुसार गश्त करेगी। लगभग 5000 की संख्या में पीसीआर कर्मचारियों को संबंधित पुलिस थानों में तैनात किया जाएगा। एसएचओ के नेतृत्व में सभी स्टाफ कार्य करेगा। इस नई पहल के बाद प्रत्येक बीट में कम से कम दो पुलिसकर्मियों के साथ गश्ती वाहन होगा, जो चौबीस घंटे बीट पर गश्त कर सकेंगे।

रोडरेज का बहाना बनाकर बीएसईएस कर्मचारी से लूटपाट

- चाकू की नोक पर दिया वारदात को अंजाम

नई दिल्ली। नंद नगरी थाना इलाके में दो बदमाशों ने रोडरेज का बहाना बनाकर चाकू की नोक पर बीएसईएस कर्मचारी को लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। वारदात के दौरान वह अपनी स्कूटी से गाजियाबाद जा रहे थे। पुलिस ने पीड़ित प्रहलाद सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, प्रहलाद सिंह, यमुना विहार में सपरिवार रहता है। वह बीएसईएस में नौकरी करता है। सोमवार शाम को वह अपनी स्कूटी से किसी काम से गाजियाबाद के भोपुरा जा रहा था। जैसे ही वह नंद नगरी रेड लाइट के पास पहुंचे। रेड लाइट होने की वजह से उन्हें अपनी स्कूटी रोकनी पड़ी। ग्रीन लाइट होने पर जैसे ही आगे चले, तभी बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रोक लिया। बदमाशों ने पीड़ित से कहा कि देखकर स्कूटी नहीं चला सकते, उनके टक्कर मार दी। पीड़ित कुछ समझ पाते उससे ही मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा बदमाश नीचे उतरा और उनकी कनपटी पर चाकू लगा दिया।

यमुना को साफ करने के असंभव काम को संभव करेंगे : जैन

नई दिल्ली। कई लोग कहते हैं कि यमुना को साफ नहीं किया जा सकता है, ये कार्य असंभव है। लेकिन लगन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम इस अंसभव काम को संभव करके दिखाएंगे। यह बात मंगलवार को दिल्ली के जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने कही। जल मंत्री ने सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में मंगलवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सत्येंद्र जैन ने यमुना की सफाई के लिए चल रही परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को तय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों से इस दिशा में चल रही सभी योजनाओं पर विशेष ध्यान देने और मौजूदा परियोजनाओं से संबंधित कार्यों को जल्द पूरा करने के आदेश दिए।

बदमाशों के पास से दो पिस्टल, कारतूस और कार बरामद

स्पेशल स्टाफ ने नंदू गैंग के दो शॉर्प शूटरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास बात

- एक बदमाश दो करोड़ रुपये की फिरौती मामले में रहा शामिल

द्वारका जिले के स्पेशल स्टाफ ने नंदू गैंग के दो शॉर्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के नाम सन्नी उर्फ शूटर (22) और विक्रम उर्फ विक्की (37) है। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी सन्नी साउथ जिले में एक कारोबारी से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में भी शामिल रहा है। इसके अलावा वह दो अन्य मामलों में शामिल रहा है। वहीं, आरोपी विक्रम दो मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो पिस्टल, कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी (द्वारका) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि द्वारका जिले की पुलिस टीम ई-बीट बुक के द्वारा आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। इसके अलावा पुलिसकर्मी सादी वर्दी में जेल से बहार आए आरोपियों पर भी नजर रखती थी। इसी बीच एएटीएस स्टाफ में तैनात कांस्टेबल परविंदर को आरोपियों के बारे में गुप्त जानकारी मिली कि हनुमान चौक, कुतुब विहार, गोयला डेरी के पास फायरिंग मामले में शामिल दो कुख्यात बदमाश समता डेरी के पास अवैध हथियारों के साथ एक कार से आने वाले है। जानकारी मिलने के बाद एक टीम बनाई गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया। शाम करीब 6:40 बजे पुलिस को एक कार अपनी और आते हुए दिखाई दी। शक होने पर पुलिस टीम ने कार चालक को कार रोकने का इशारा दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से दो पिस्टल और कारतूस मिले। इसके बाद पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। बाद में आरोपियों की पहचान विक्की और सन्नी के रूप में हुई।

पहले भी गिरफ्तार हो चुका है आरोपी सन्नी

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी सन्नी दो करोड़ की फिरौती मामले में शामिल रहा है। इस मामले में उसे क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया था। आरोपी ने आगे बताया कि उसने लोगों में डर पैदा करने के लिए हवाई फायरिंग की। ताकि उसके गैंग को फिरौती मिल सके। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह नंदू उर्फ कपिल सांगवान के कहने पर वारदात को अंजाम दे रहा था।

डीजे व तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर दो जगहों पर हुआ झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों को पकड़ा

जाफराबाद और कोटला मुबारकपुर थाना इलाके में तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर दो जगहों पर झगड़े का मामला सामने आया है। कोटला मुबारकपुर इलाके में तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर एक युवक ने पहले को एक शख्स के घर की लाइट काट दी। पीड़ित महेंद्र के विरोध करने पर आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी विजय दास (28) को पकड़ लिया है। वहीं, जाफराबाद इलाके में जन्मदिन पार्टी में डीजे बजाने पर एक महिला ने पुलिस बुला ली। इस पर युवक ने पीड़िता शबाना (32) के साथ मारपीट करने के अलावा उसके हाथ पर दांत से काट लिया। इस मामले में भी पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शबाना, जाफराबाद के कनिया मस्जिद के पास रहती हैं। मकान का छत शमसुद्दीन का है। सोमवार को उसके पड़ोसी हिना के बेटे का जन्मदिन था। घर में जगह कम होने की वजह से उसने शबाना की छत पर जन्मदिन पार्टी का आयोजन किया था। रात करीब 11 बजे तक पार्टी में डीजे बज रहा था। इस दौरान वहां मौजूद लोग शराब का सेवन भी कर रहे थे। शराब पीने के दौरान वह शराब की बोतल उनके कमरे के पास फेंक रहे थे। तबीयत ठीक नहीं होने के कारण देर रात तक पार्टी चलने से शबाना को दिक्कत हो रही थी। इस पर उसने पुलिस को फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के आने के बाद डीजे व पार्टी बंद कर दी। पुलिस के जाने के बाद हिना, उसका पति अंकित सिंह व भाई अमन शबाना के कमरे में पहुंचे और उसके साथ मारपीट करने लगे।

पहले काटी लाइट फिर मारा चाकू

पुलिस के मुताबिक, महेंद्र, ईस्ट किदवई नगर, झुग्गियों में रहता है। महेंद्र ने पुलिस को सूचना दी कि उसका उसके पड़ोसी से गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया है। इस पर विजय ने उसके घर की लाइट काट दी और बाद में विजय ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने महेंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी विजय को पकड़ लिया है।

सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092, फोन :+011-22727486
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

37वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना

1. एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की सैंतीसवीं (37वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) 20 सितम्बर 2021 (सोमवार) को पूर्वा. 11:00 बजे आईएसटी केवल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो-विजुअल साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 05 मई 2020, 28 सितम्बर 2020, 31 दिसम्बर 2020 और 13 जनवरी 2021 (सामुहिक रूप से 'एमसीए सरकुलर्स' के रूप में संदर्भित) और सेबी सरकुलर दिनांक 12 मई 2020 और 15 जनवरी 2021 के अनुसार, कम्पनी वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित 37वीं एजीएम की सूचना 18.08.2021 को इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेज चुकी है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट और डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर के तहत समाप्त कर दी गई है।
2. कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट 2020-2021, अन्य बातों के अलावा, 37वीं एजीएम का व्याख्यात्मक विवरण और निहित सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.sidhmanagement.in पर और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध है। इसकी एक प्रति सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट पर https://www.evotingindia.com/ पर भी उपलब्ध है।
3. कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("दि एक्ट") की धारा 108 और सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में, कम्पनी एजीएम में सम्पादित किये जाने वाले बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम से पूर्व साथ ही साथ दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा इसके सदस्यों को प्रदान कर रही है और इस प्रयोजन हेतु, कम्पनी इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग को आसान बनाने के लिये सीडीएसएल को नियुक्त कर चुकी है।
दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में दिये गये हैं। सदस्यों से निम्नलिखित को नोट करने का आग्रह किया जाता है :-
ए. दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगी :-

दूरस्थ ई-वोटिंग का प्रारम्भ	शुक्रवार, 17 सितम्बर 2021 (पूर्वा. 9.00 बजे) से
दूरस्थ ई-वोटिंग का समापन	रविवार, 19 सितम्बर 2021 (अप. 5.00 बजे) तक

इसके पश्चात मतदान हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल सीडीएसएल द्वारा अक्षेय्य कर दिया जाएगा और उक्त तिथि और समय के पश्चात इलैक्ट्रोनिकली मतदान करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ;
बी. वो. सदस्यों के वोटिंग अधिकार सोमवार, 13.09.2021 ("कट-ऑफ तिथि") के अनुसार कम्पनी की भुगतान की गई इक्विटी शेयर कैपिटल के उनके शेयर के अनुपात में होंगे। दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली की सुविधा बैठक के दौरान भी उपलब्ध करवाई जाएगी और बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्य, जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं, बैठक के दौरान अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे, परन्तु दोनों वोटिंग पर दिये गये मतों में से, काउंटिंग के प्रयोजन हेतु केवल ई-वोटिंग को गिना जाएगा।
सी. कोई व्यक्ति जिसका नाम कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वही एजीएम से पूर्व / दौरान दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा ;
डी. कोई व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है तथा कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयरधारण करता है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक आग्रह भेजकर दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा सीडीएसएल द्वारा प्रदान किये अनुसार टोल फ्री नम्बर 18002255533 पर सम्पर्क कर सकता है। यदि ई-वोटिंग के सम्बन्ध में आपके पास कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, आप बारम्बार पूछे जाने प्रश्न ("एफएक्यूस") और हैल्प सेक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं। कोई व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, एजीएम की सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने ;
4. आगे सूचना दी जाती है कि दि एक्ट की धारा 91 और इसके तहत बनाये गये नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 42 के अनुसरण में, कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक मंगलवार, 14 सितम्बर 2021 से शोमवार, 20 सितम्बर 2021 तक (दोनों दिन मिलाकर) 37वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
(डीआईएन : 07326355)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 30.08.2021